**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09.02.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में की गयी आहूत बैठक का कार्यवृत्त –**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 09.02.2024 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री सौरभ कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री विनिश भास्कर, जिला समन्वयक अधिकारी, डी0पी0एम0यू0 टीम, सहारनपुर।
5. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
6. श्री भंवर सिंह, परियोजना निदेशक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
7. श्री अशोक शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
8. श्री प्रमोद मौर्य, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
9. श्री चन्द्र शेखर, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
10. श्री नितिन कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
11. आकिब खान, परियोजना प्रबन्धक, मै0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) सहारनपुर अनुपस्थित रहें। इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण अपना सुस्पष्ट/तथ्यात्मक स्पष्टीकरण पृथक से अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) की अनुपस्थिति की दशा में मुख्य विकास अधिकारी महोदय को सहायक अभियन्ता श्री अनुज कुमार द्वारा एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्मो की प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा निर्देशित किया गया कि अग्रिम बैठक में प्रगति रिर्पोट साप्ताहिक तुलनात्मक होनी चाहिये तथा अग्रिम साप्ताहिक बैठक वीडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**


समीक्षा बैठक में 310 किमी0 सडक क्षतिग्रस्त करने के उपरांत मात्र 140 किमी0 ही पुर्नस्थापित की गयी के सम्बन्ध में रिर्पोट उपलब्ध करायी गयी। जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में तोडी गयी सडक की रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

**मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त फर्मो के द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रत्येक सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।**

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

MS/D:\SRE Of Wo /Le 23/DM M \1






**मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी)**

- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 127 नग योजनाओं में से114 नग योजनाओं पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका हैं। एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि शेष 13 नग योजनाओं में भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नही हो पाया है।
- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा वर्तमान तक 114 नग योजनाओं पर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया हैं जिसमें से 16 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण है। एजेन्सी द्वारा 20 नगअवर जलाशयों का निर्माण कार्य दिनांक 31.01.2024 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें वर्तमान तक कार्य पूर्ण नही हुआ है। यह स्थिति उचित नही हैं।
- वितरण प्रणाली के कार्यो में 100 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य एवं 100 नग योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य दिनांक 31.12.2023 तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था परन्तु फर्म द्वारा दिनांक 12.02.2024 तक केवल 92 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजन के कार्य पूर्ण किये गये है, इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।
- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य सबलेट एजेन्सी द्वारा अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। फर्म द्वारा 50 नग योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य दिनांक 31.01.2024 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 38 नग योजनाओं में ही कार्य प्रारम्भ किया गया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि ससमय कार्य पूर्ण होने की सम्भावना प्रतीत नही होती हैं।
- रोड पुर्नस्थापना के कार्य में 30 नग योजनाओं में दिनांक 31.01.2024 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें 30 नग योजनाओंमें ही कार्य पूर्ण किया गया है।
- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर द्वारा माह दिसम्बर 2023 तक आवंटित ग्रामों में क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को उपलब्ध कराया गया हैं। वर्तमान में 61000 नग क्रियाशील गृह संयोजन दिये जा चुके हैं तथा शेष 9000नग क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करने हेतु प्रतिदिन 150नग FHTC अधिष्ठापित कराते हुये Online फीड किये जाने हैं, परन्तु सबलेट एजेन्सी द्वारा प्रतिदिन केवल 90 से 110 नग FHTCप्रदान करते हुये फीड किये जा रहे हैं। इससे यह स्पष्ट हैं कि फर्म द्वारा पेयजल योजना के निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जा रही हैं।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के कार्यों की प्रगति से अवगत होते हुए असंतोष प्रकट किया गया तथा सम्बन्धित फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि 15 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य दिनांक 29.02.2024 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।**

- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर द्वारा कुल आवंटित 328 पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाना है जिसके सापेक्ष 218 नग अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जा चुका हैं, जिसमें से 06 नग अवर जलाशयो का कार्य पूर्ण करते हुये 218 नग अवर जलाशय का निर्माण कार्य प्रगति में है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा 29.02.2024 तक 15 नग अवर जलाशय पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 131 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 106 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति में है। गृह संयोजन का कार्य दिनांक 29.02.2024 तक 115 नग योजनाओं मे शत–प्रतिशत पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया है।
- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 50 नग योजनाओं में सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य दिनांक 29.02.2024 तक पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था, जिसके सापेक्ष 28 नग योजनाओं में सौलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया गया है।
- सडक पुर्नस्थापना के कार्य में 30 नग योजनाओं में दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें उक्त दिनांक तक 25 नग योजनाओं में ही सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 05.01.2023 तक 30 नग योजनाओं में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है।
- मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि ग्राम शकलापुरी ब्लॉक पुवारका में अधोहस्ताक्षरी के भ्रमण उपरान्त उक्त ग्राम में अवशेष वितरण प्रणाली एवं ग्रह संयोजन के कार्य बन्द पाये गये जिसको प्रारम्भ कराकर शीध्र अतिशीध्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम / मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0।)**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर के कार्यो की प्रगति से अवगत होते हुए अवर जलाशय, सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना और क्रियाशील गृह संयोजन के कार्यो को लेकर असंतोष प्रकट किया गया तथा फर्म को दिशानिर्देश दिये गये कि 15 नग अवर जलाशयों का कार्य शत–प्रतिशत पूर्णकराना सुनिश्चित करें। सोलर प्लांट अधिष्ठापन एवं सडक पुर्नस्थापना के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विशेष रूप से कार्य पूर्ण कराने हेतु अधिशारी अभियन्ता एवं फर्म को निर्देशित किया गया जिस पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री प्रमोद मौर्य द्वारा 05 नग योजनाओं में सडक पुर्नस्थापना का कार्य दिनांक 29.02.2024तक पूर्ण कराने एवं अवशेष कार्यो को समयानुसार पूर्ण कराने हेतु आश्वासन दिया गया।

**मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)।**

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0) के Descopingउपरांत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को जनपद के अवशेष 251 नग योजनाओं 387 राजस्व ग्रामों मे पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु अनुबन्धित किया गया है। फर्म द्वारा योजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन कराते हुये कवर अनुबन्ध गठन के उपरांत योजनाओं के निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। वर्तमान में फर्म द्वारा 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 220 नग योजनाओं मे टयूबवैल छिद्रण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) द्वारा दिनांक 29.02.2024 तक 15 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण करने हेतु वर्क प्लान दिया गया है
- वितरण प्रणाली के कार्यों में 76 नग योजनाओं की वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 121 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य प्रगति में है।
- सहायक अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा 79नग योजनाओं में सोलर प्लांट अधिष्ठापन का कार्य प्रगति में है जिसमें 17 नग योजनाओं में सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।फर्म के प्रतिनिधि विनित कुमार अग्रवाल द्वारा दिनांक 29.02.2024 तक 20 नग योजनाओं में सौलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण करने हेतु आश्वासन दिया गया है।
- सडक पुर्नस्थापना के कार्य में 25 नग योजनाओं में दिनांक 31.12.2023 तक कार्य पूर्ण करने का वर्क प्लान दिया गया था जिसमें उक्त दिनांक तक 14 नग योजनाओं में ही सडक पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण किया गया है। फर्म के प्रतिनिधि द्वारा शेष 11 नग योजनाओं में दिनांक 15.02.2024 तक कार्य प्रारम्भ करने का आश्वासन दिया गया है।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि ग्राम छिदबना एवं ग्राम लण्ढोरा ब्लॉक बलियाखेडी में अवशेष वितरण प्रणाली एवं ग्रह संयोजन के कार्य बन्द पाये गये जिसको शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देशित कियां गया है।

**(भंवर सिंह)**
**मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0**
**सहारनपुर**

**(अशोक शर्मा)**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0**
**सहारनपुर**

**(दीपक कुमार)**
**टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),**
**सहारनपुर**

**(चन्द्र शेखर)**
**मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)**
**सहारनपुर**

**(दुष्यन्त कुमार)**
**अवर अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**(सौरभ कुमार गुप्ता)**
**अवर अभियन्ता**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**

**(अनुज कुमार)**
**सहायक अभियन्ता,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**सहारनपुर**

**(सुमित राजेश महाजन)**
**मुख्य विकास अधिकारी**
**सहारनपुर**